मध्यप्रदेश शासन

वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन

2021-2022

भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग

शहर भोपाल
CITY BHOPAL



SEVERELY AFFECTED-2	गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्र-2
MODERATELY AFFECTED-5	सामान्य रूप से प्रभावित क्षेत्र-5
MILDLY AFFECTED-29	अल्प प्रभावित क्षेत्र-29
UNEXPOSED AREA-20	अप्रभावित क्षेत्र-20

मध्यप्रदेश शासन

वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन
वर्ष 2021-2022

भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग
मध्यप्रदेश शासन




श्रद्धांजलि
दिनांक - 3 दिसम्बर 2021

भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास की विभागीय संरचना

मंत्रालय

कैबिनेट मंत्री	–	श्री विश्वास कैलाश सारंग
अपर मुख्य सचिव	–	श्री मोहम्मद सुलेमान
पदेन उप सचिव	–	श्री कृष्णकांत दुबे
अवर सचिव	–	श्रीमती सीमा डेहरिया

संचालनालय

संचालक	–	श्री बसंत कुर्रे
संयुक्त संचालक (वित्त)	–	श्री रमेश चन्देवाल
सहायक संचालक	–	डॉ. पी.के. श्रीवास्तव

अधीनस्थ इकाई

चिकित्सा

संचालक, कमला नेहरू चिकित्सालय	–	डॉ. संजय जैन
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी	–	डॉ. रवि शंकर वर्मा
अधीक्षक, कमला नेहरू चिकित्सालय	–	डॉ. एम.एल. बंजारे
अधीक्षक, जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय	–	डॉ. अनिल जैन
अधीक्षक, इन्दिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय	–	डॉ. सुनील कुमार गुप्ता
अधीक्षक, आर.ए.एस. पल्मोनरी मेडिसिन सेन्टर	–	डॉ. सुधीर चौरसिया
प्रभारी, खान शाकिर अली खान चिकित्सालय	–	डॉ. एस.एस. राजपूत
प्रभारी, मास्टर लाल सिंह चिकित्सालय	–	डॉ. शरणजीत कौर

कलेक्टर, गैस राहत

कलेक्टर गैस राहत	–	श्री राजेश गुप्ता (संयुक्त कलेक्टर)

राजधानी परियोजना प्रशासन

कार्यपालन यंत्री	–	श्री रवि मित्तल

लोक निर्माण विभाग

कार्यपालन यंत्री	–	श्री प्रवीण शर्मा

विषय सूची

क्र.	विवरण	पृष्ठ क्र.
1.	**भाग – एक** **पृष्ठभूमि, विभाग के दायित्व, सामान्य प्रशासकीय कार्य, समितियाँ**	1 से 2
2.	**भाग – दो** **अधीनस्थ कार्यालय**	3 से 4
3.	**भाग – तीन** **विभागीय गतिविधियाँ**	5 से 33
	1. आर्थिक पुनर्वास	10
	2. चिकित्सा पुनर्वास	11 से 14
	कमला नेहरू चिकित्सालय	15 से 17
	इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय	18 से 19
	जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय	19–20
	रसूल अहमद सिद्दीकी, पल्मोनरी मेडिसिन सेंटर	20–21
	खान शाकिर अली खान चिकित्सालय	21
	मास्टरलाल सिंह चिकित्सालय	22
	डे–केयर सेंटर	23
	3. सामाजिक पुनर्वास	24 से 29
	I. पेयजल	24
	II. गैस पीड़ित विधवाओं को पेंशन	24 से 25
	III. आवास एवं अन्य सुविधाऐं	25
	1. आवास आवंटन	25
	2. स्फूर्ति योजना–व्यायाम शाला निर्माण	26
	3. गैस प्रभावित 16 क्षेत्रों में विद्यालयों का उन्नयन	26–27
	4. सुलभ काम्पलेक्स का निर्माण एवं मार्डन डस्टबिन प्रदाय	27
	5. राजधानी परियोजना प्रशासन द्वारा चिकित्सालय उन्नयन कार्य	27 से 29
	4. पर्यावरणीय पुनर्वास	30
	भोपाल गैस त्रासदी स्मारक निर्माण	31 से 33
5.	**भाग – चार** **महत्वपूर्ण सांख्यिकी**	34 से 37
	I. भोपाल गैस त्रासदी के तुरंत पश्चात् राज्य शासन द्वारा गैस पीड़ितों को प्रदत्त तात्कालिक राहत	34
	II. भोपाल गैस त्रासदी के तुरंत पश्चात् राज्य शासन द्वारा गैस पीड़ितों को प्रदत्त अंतरिम राहत	34–35
	III. दावा आवेदन वर्ष 1985 से वर्ष 1989 तक तथा वर्ष 1996–97 में दो फेज में आमंत्रित किये गये। प्रथम फेज (1985–89) में 6,18,659 मामले पंजीकृत किये गये। द्वितीय फेज (1996–97) में 4,10,859 दावा आवेदन प्राप्त हुए।	35–36
	IV. मुआवजा संबंधी निर्णय	36 से 37

6.	भाग – पांच	38 से 44
	बजट विहंगावलोकन	38
	बजट प्रावधान, लक्ष्य एवं व्यय	38
	सारणी – 1 वर्ष–2021–22 का बजट अनुमान (दिसम्बर 2021 तक के व्यय की जानकारी)	39
	सारणी – 2 वर्ष–2021–22 का बजट अनुमान (दिसम्बर 2021 तक के व्यय की जानकारी)	40
	सारणी – 3 वर्ष 2018–19 से वर्ष 2021–22 तक के बजट एवं व्यय की जानकारी	41 से 43

7.	परिशिष्ट	
	परिशिष्ट–1 विभिन्न प्रकार के पुनर्वास जैसे कि चिकित्सा, आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय पुनर्वास कार्यक्रमों हेतु स्वीकृत राशि का विवरण	44–45
	परिशिष्ट–2 कार्य योजना के तहत स्वीकृत विभिन्न पुनर्वास कार्यक्रमों के लिए स्वीकृत राशि एवं उसके विरूद्ध 31 दिसम्बर 2021 तक हुए व्यय का विवरण	46
	परिशिष्ट–3 नवीन कार्य योजना के विरुद्ध द्वितीय कार्ययोजना में वर्ष–2010–11 में प्राप्त राशि का विवरण	47
	परिशिष्ट–4 दिनांक 01.01.2021 से 31.12.2021 तक अधिमान्य संस्थाओं द्वारा गैस पीड़ित एवं उनके बच्चों की रेडियोडायग्नोस्टिक जांचे की संस्थावार जानकारी	48
	परिशिष्ट–5 गैस राहत चिकित्सा संस्थाओं के बाह्य एवं आंतरिक रोगी विभाग के आंकड़े (वर्ष 1985 से दिसम्बर 2021 तक की स्थिति)	49
	परिशिष्ट–6 गैस राहत विभाग के अधीन चिकित्सा संस्थाओं में उपचार प्राप्त रोगियों की संख्या (माह जनवरी 2021 से दिसम्बर 2021 तक)	50
	परिशिष्ट–7 गैस राहत विभाग के अधीन अस्पतालों में किये गये चिकित्सीय परीक्षणों की जानकारी	51
	परिशिष्ट–8 पैथोलॉजी परीक्षण का विवरण	52
	परिशिष्ट –9 न्यायालयीन प्रकरण	53
	परिशिष्ट – 10 गैस राहत विभाग की चिकित्सा इकाईयों एवं कार्यालय में स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की जानकारी	54 से 59
	प्रथम श्रेणी	54 से 55
	द्वितीय श्रेणी	55
	तृतीय श्रेणी	56 से 57
	चतुर्थ श्रेणी	58
	परिशिष्ट–11 नियुक्तियाँ 01.01.2021 से 31.12.2021 के मध्य की गई नियुक्तियों की जानकारी	59

भाग – एक

पृष्ठभूमि

2–3 दिसंबर, 1984 की सर्द रात में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित कीटनाशक दवाएं बनाने वाली बहुराष्ट्रीय अमरीकी कंपनी, यूनियन कार्बाइड (इंडिया) लिमिटेड की फैक्ट्री के एक टैंक नम्बर 610 से मिथाइल आइसोसाइनेट (मिक) एवं सात मिश्रित अन्य जहरीली गैसों के रिसन ने विश्व की भीषणतम रसायनिक दुर्घटना के रूप में झीलों और तालाबों के खुशनुमा प्राकृतिक माहौल वाले भोपाल शहर में विनाशलीला से लगभग 6 लाख भोपाल वासियों को भयानक रूप से प्रभावित किया तथा 3000 से अधिक निर्दोष जिंदगियों को हमेशा के लिये मौत की नींद में सुला दिया।

गैस के प्रभाव से लोग शारीरिक एवं मानसिक तौर पर अपाहिज हो गये और वे मेहनत से रोजी रोटी कमाने की हालत में नहीं रहे। मिक गैस की यह विनाशलीला इतनी भीषणतम थी कि भोपाल शहर का वायुमंडल ही न सिर्फ इससे प्रदूषित हुआ बल्कि वनस्पति जगत, जलीय और समस्त पर्यावरण ही जहरीली गैस के प्रभाव से क्षतिग्रस्त हो गये। त्रासदी की विभीषिका इतनी भयावह थी कि उस वक्त मौजूद प्रशासनिक व्यवस्थाएं और सुविधाएं गैस पीड़ितों के स्वास्थ्य और उनकी देखभाल के लिहाज से अपर्याप्त महसूस हुई।

इस भयावह स्थिति में यह किसी को नहीं मालूम था कि कौंन सी गैस है, इसका शरीर पर क्या–क्या प्रभाव हो सकता है, इस जहर का एन्टीडोट क्या है, एवं कैसे किस प्रक्रिया से चिकित्सा प्रदान की जावेगी। भोपाल के शासकीय एवं अशासकीय चिकित्सक एवं अधिकारी, कर्मचारी, आम नागरिक, सरकारी गैर सरकारी संगठन सब एकसाथ होकर एक अभूतपूर्व एवं अप्रत्याशित त्रासदी का एकजुट होकर सामना किया एवं अनेकों मृतप्रायः व्यक्तियों को समुचित चिकित्सा एवं देखभाल कर उनके जीवन बचाने में सफल रहे। चिकित्सक रात–दिन सभी काम छोड़कर अस्पतालों में लगातार मरीजों की सेवा में जुटे रहे।

ऐसी स्थिति में जब इस गैस के वैज्ञानिक पहलुओं के बारे में कोई जानकारी नहीं थी पीड़ितों को चिकित्सा प्रदान करने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था, तब भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आई.सी.एम.आर.) नई दिल्ली की सहायता से स्थानीय गांधी मेडिकल कॉलेज में अनेकों चिकित्सा अनुसंधान की परियोजनाऐं प्रारम्भ की गई। अनुसंधान के माध्यम से कई तथ्य सामने आये जिससे गैस पीड़ितों को चिकित्सा प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त हो सके।

आज राज्य शासन के प्रयासों जिनमें कि केन्द्र शासन तथा विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय संगठनों द्वारा दिया गया सहयोग भी शामिल है, की वजह से भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हो पा रही हैं एवं जिसके फलस्वरूप गैस पीड़ित 'भोपाल गैस त्रासदी' जैसी विश्व की भीषणतम औद्योगिक दुर्घटना के दुष्प्रभावों से उबर पाने में सक्षम हो सके हैं।

राज्य शासन द्वारा दुर्घटना के तुरंत बाद प्रारम्भिक स्तर पर सभी प्रकार की सहायता प्रदान की गई तथा गैस पीड़ितों के राहत एवं पुनर्वास के लिये अनेक कार्यक्रम एवं योजनाएं प्रारम्भ की गईं। राज्य शासन ने गैस पीड़ितों के चिकित्सा, आर्थिक एवं सामाजिक पुनर्वास के प्रति अत्यंत गंभीरता से विचार किया तथा इसे मूर्तरूप देने के लिए भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग का गठन 29 अगस्त, 1985 को किया गया। दिनांक 17 अक्टूबर, 1995 से शासन द्वारा संचालनालय, गैस राहत एवं पुनर्वास का पुर्नगठन किया गया। संचालनालय के संचालक को विभागाध्यक्ष घोषित करते हुए विभागाध्यक्ष की समस्त शक्तियां प्रदान की गईं।

विभाग के दायित्व – गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग का मुख्य उद्देश्य भोपाल गैस त्रासदी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए चिकित्सा, आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरण संबंधी राहत एवं पुनर्वास योजनाएं बनाकर उन्हें

कार्यान्वित कराना एवं उनका समय–समय पर अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करना है। इसके साथ–साथ गैस पीड़ितों से संबंधित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय संगठनों से समन्वय स्थापित कर गैस पीड़ितों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना भी विभाग का दायित्व है।

सामान्य प्रशासकीय कार्य – भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग एक अस्थाई विभाग है। इसका कार्यक्षेत्र केवल भोपाल नगर निगम के 36 वार्डों तक सीमित है।

विभाग के अंतर्गत 6 चिकित्सालय, 9 डे–केयर सेन्टर कार्यरत हैं जिनमें गैस पीड़ितों की निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था की जाती है।

भवनों के संधारण हेतु राजधानी परियोजना प्रशासन का एक संभाग कार्यरत है। उक्त सभी कार्यालयों में पद पूर्णतः अस्थाई हैं जो लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जनशक्ति नियोजन, लोक निर्माण विभाग तथा संचालनालय, कोष एवं लेखा से प्रतिनियुक्ति से भरे जाते हैं। प्रतिनियुक्ति के अभाव में संविदा से भरे जाते हैं। इसके अतिरिक्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पद सीधी भर्ती (म.प्र. प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड के माध्यम से) एवं अनुकम्पा नियुक्ति से भी भरे जाते है।

समितियाँ – भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग द्वारा संचालित पुनर्वास गतिविधियों के सतत् अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु केन्द्र शासन एवं राज्य शासन स्तर पर विभिन्न समितियां गठित की गई हैं। इन समितियों का उद्‌देश्य न सिर्फ प्रचलित गतिविधियों का अनुश्रवण करना है बल्कि भविष्य में विभाग द्वारा संचालित की जाने वाली पुनर्वास गतिविधियों के लिये विभाग को परामर्श देना भी है।

1. राज्य सलाहकार समिति – माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में राज्य सलाहकार समिति का गठन किया गया है।

2. मॉनीटरिंग कमेटी – माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त मानीटरिंग कमेटी द्वारा गैस राहत की चिकित्सा इकाईयों का निरीक्षण समय–समय पर किया जा रहा है तथा अस्पतालों में सेवा संबंधित कमियों को चिन्हित कर, उस संबंध में सुधार हेतु शासन को नियमित रूप से अनुशंसा की जा रही है। कमेटी द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शासन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग द्वारा आदेश क्रमांक एफ 5–4/2004/47,दिनांक 07 जनवरी, 2014 द्वारा मॉनीटरिंग कमेटी का पुर्नगठन किया गया है।

इस समिति में निम्नलिखित सदस्य हैं :–

1.	श्री व्ही.के. अग्रवाल, सेवानिवृत्त, न्यायाधीश	–	अध्यक्ष
2.	डॉ. निर्भय श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त, संचालक, चिकित्सा शिक्षा	–	सदस्य
3.	डॉ. भानू प्रकाश दुबे, सेवानिवृत्त, अधिष्ठाता, गांधी चिकित्सा महाविद्यालय	–	सदस्य
4.	श्री पूर्णेन्दु शुक्ला, पत्रकार	–	सदस्य
5.	डॉ. पंकज शुक्ला संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाऐं	–	सदस्य सचिव

अध्यक्ष, मॉनीटरिंग कमेटी का कार्यालय संचालनालय, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास, भोपाल के भवन में स्थित है एवं पूर्ण रूप से क्रियाशील है।

3. भोपाल गैस पीड़ित एवं पुनर्वास, रोगी कल्याण समिति – गैस राहत विभाग के अधीन सभी चिकित्सालयों (कुल 06) एव डिस्पेंसरीज (कुल–09) के लिये संयुक्त रूप से भोपाल गैस पीड़ित एवं पुनर्वास रोगी कल्याण समिति, गैस राहत दिनांक 15.09.2005 से क्रियाशील होने के पश्चात् गैस पीड़ित एवं गैर गैस पीड़ित रोगियों के स्वास्थ्य में गुणवत्ता लाने के लिये निरन्तर प्रयासरत है।

भाग – दो

अधीनस्थ कार्यालय

विभाग के अंतर्गत उच्च स्तर पर निम्नलिखित कार्यालय संचालित हैं:

संचालनालय, गैस राहत एवं पुनर्वास

संचालनालय, क्लेम्स, भोपाल गैस रिसन त्रासदी की स्थापना 7 मई, 1985 को की गई। संचालनालय को त्रासदी के संदर्भ में यह कार्य सौंपा गया था कि भोपाल गैस रिसन के कारण प्रभावित दावेदारों के दावे प्राप्त करना, उन्हें संकलित करना एवं उन्हें योजनाबद्ध तरीके से सुरक्षित रखना। दावेदारों का चिकित्सीय अभिलेखीकरण, वर्गीकरण एवं मूल्यांकन का कार्य भी संचालनालय को सौंपा गया था, जिसके तहत चिकित्सीय अभिलेखीकरण एवं मूल्यांकन का कार्य किया गया था। गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से दिनांक 17 अक्टूबर 1995 को संचालनालय गैस क्लेम्स को पुनर्गठित करते हुए संचालनालय, गैस राहत एवं पुनर्वास नामांकित किया गया एवं निम्न इकाईयों के कार्यों में समन्वय एवं पर्यवेक्षण हेतु संचालनालय को अधिकृत किया गया :-

- कलेक्ट्रेट, गैस राहत, भोपाल
- संचालक, कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल
- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, गैस राहत, भोपाल
- कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, राजधानी परियोजना प्रशासन, गैस राहत संभाग, भोपाल

कलेक्ट्रेट, गैस राहत, भोपाल

गैस दुर्घटना में मृत हुए व्यक्तियों के परिजनों को निःशुल्क आवास आवंटन, गैस दुर्घटना से अनाथ हुए बच्चों का भरण-पोषण, यूनियन कार्बाइड परिसर का रख-रखाव एवं अशासकीय संस्थाओं के माध्यम से गैस पीड़ितों को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण कलेक्टर, गैस राहत द्वारा किया जा रहा है। गैस दुर्घटना से जिनके पति मृत हुए हैं उनकी विधवा पेंशन वितरण का कार्य इसके अतिरिक्त कल्याण आयुक्त कार्यालय द्वारा समय-समय पर मांगे गए अभिलेखों को प्रस्तुत करने का कार्य भी इस कार्यालय द्वारा किया जा रहा है।

संचालक, कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल

गैस राहत विभाग के अधीनस्थ संचालित समस्त चिकित्सा संस्थाऐं संचालक, कमला नेहरू चिकित्सालय के प्रशासकीय नियंत्रण में हैं। संचालक, कमला नेहरू चिकित्सालय, संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास के प्रशासकीय नियत्रंण में है। वर्तमान में संचालक के अधीन एक अधीक्षक एवं दो सहायक अधीक्षक कमला नेहरू चिकित्सालय में कार्यरत है। विभाग के अधीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गैस राहत संचालित समस्त चिकित्सा इकाईयों के नियंत्रण का दायित्व भी संचालक, कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल का है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, गैस राहत, भोपाल

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गैस राहत के अधीनस्थ निम्न चिकित्सालय एवं चिकित्सा इकाईयां संचालित की जा रहीं हैं। 1. खान शाकिर अली खान चिकित्सालय 2. मास्टर लाल सिंह चिकित्सालय 3. रसूल अहमद सिद्दीकी पल्मोनरी मेडिसिन सेन्टर इसके साथ –साथ 9 डे–केयर सेन्टर भी अपनी दैनिक गतिविधियों के संचालन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, गैस राहत के नियंत्रण में है। इसके अतिरिक्त गैस पीड़ित कैंसर रोगियों को गैस पीड़ित से संबंधित अभिलेख कल्याण आयुक्त, भोपाल गैस पीड़ित, भोपाल द्वारा भुगतान किये गये मुआवजा की सत्यापित प्रति तथा कैंसर बीमारी की जॉच रिपोर्ट एवं अन्य निर्धारित अभिलेख के साथ उक्त कैंसर पीड़ित मरीज के आवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, गैस राहत, भोपाल के कार्यालय में प्राप्त किये जाते हैं। प्रशासकीय विभाग के कैंसर पॉलिसी के अनुरूप अनुशंसा की जाकर संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाता है। स्वीकृति उपरान्त इन मरीजों को जवाहरलाल नेहरू कैंसर चिकित्सालय, ईदगाह हिल्स भोपाल, चिरायू मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, भैसाखेडी बैरागढ भोपाल एवं नवोदय कैंसर चिकित्सालय एवं रिसर्च सेन्टर एम.पी. नगर भोपाल में रेफर करने का दायित्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, गैस राहत, भोपाल को सौंपा गया है।

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, राजधानी परियोजना प्रशासन, गैस राहत संभाग, भोपाल

गैस राहत विभाग के अधीनस्थ विभिन्न भवनों (कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल को छोड़कर) में नवीन निर्माण कार्य एवं संधारण कार्य इस कार्यालय द्वारा संपादित किए जाते हैं । इस कार्यालय के अंतर्गत विभिन्न गैस राहत चिकित्सालय एवं चिकित्सा इकाईयों के भवन, दावा अदालतों के भवन, अशासकीय संस्थाओं को आवंटित वर्कशेड के भवन एवं अन्य विभागीय आवासीय भवनों आदि का संधारण किया जाता है।

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (कमला नेहरू चिकित्सालय)

कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल में नवीन निर्माण कार्य एवं संधारण कार्य इस कार्यालय द्वारा संपादित किए जाते हैं। शासन स्तर पर लिये गये निर्णय अनुसार कमला नेहरू चिकित्सालय भवन का अधिपत्य दिनांक 29.11.2021 को लोक निर्माण विभाग के अधीन सौंप दिया गया है।

भाग – तीन

विभागीय गतिविधियाँ

1. गैस पीड़ितों के पुनर्वास के लिए रुपये 258.00 करोड़ की एक कार्ययोजना वर्ष 1990–95 के लिए स्वीकृत की गई थी। बाद में कार्ययोजना की अवधि में जुलाई, 1999 तक वृद्धि की गई। यह योजना केन्द्र प्रवर्तित योजना के अन्तर्गत स्वीकृत की गई थी, जिसमें केन्द्र सरकार का अंशदान रुपये 193.50 करोड़ (75%) शामिल है। शेष रुपये 64.50 करोड़ (25%) राज्य सरकार का अंशदान गैस पीड़ितों के पुनर्वास के लिए रुपये 258.00 करोड़ की एक कार्ययोजना वर्ष 1990–95 के लिए है। भारत सरकार द्वारा जुलाई, 1999 के पश्चात् कार्ययोजना की अवधि समाप्त होने के बाद वित्तीय सहायता का कोई सहयोग प्रदान नहीं किया गया, जिससे गैस पीड़ितों के पुनर्वास योजनाओं पर दिसम्बर, 2021 तक राशि रुपये 1345.76 करोड़ का व्यय किया गया है।

2. भारत सरकार द्वारा गठित "ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स" की बैठक 18–21 जून, 2010 को आयोजित की गई थी जिसमें की गई अनुशंसाओं के तारतम्य में केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2010–11 में गैस पीड़ितों के चिकित्सा, आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरण पुनर्वास से संबंधित कार्यक्रमों को निरंतर चलाने हेतु मुख्य बजट के साथ ही अनुपूरक अनुमानों में केंद्र शासन से प्राप्त राशि रु. 272.75 करोड़ में (केंद्र से 75% तथा राज्य शासन से 25% अंशदान) प्रावधान किया गया है। (विवरण–परिशिष्ट – 1, 2 एवं 3)

3. विभाग द्वारा चिकित्सालयों के विभिन्न उपकरणों हेतु राशि रु. 13.78 करोड़ क्रय आदेश जारी किया गया के विरुद्ध राशि रु. 13.78 करोड़ के उपकरण स्थापित किए जाकर मरीजों को जाँच एवं उपचार में लाभ मिल रहा है। इसके अतिरिक्त चिकित्सालयों में आवश्यक निर्माण तथा रेनोवेशन के कार्य राशि रु. 1.80 करोड़ के पूर्ण किए गए हैं। चिकित्सालयों को सुसज्जित किए जाने हेतु राशि रु. 0.74 करोड़ के चिकित्सालयीन फर्नीचर के क्रय किए गए हैं। इस प्रकार चिकित्सा पुनर्वास के अंतर्गत कुल व्यय 16.15 करोड़ का किया जा चुका है। शेष बची राशि रू. 17.23 करोड़ में से गैस राहत के चार चिकित्सालयों में कमला नेहरू चिकित्सालय, इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय, खान शाकिर अली खान चिकित्सालय में माडुलर ओ.टी. का उन्नयन, निर्माण किया जावेगा एवं 03 चिकित्सालयों में सेन्ट्रल ऑक्सीजन नाइट्रस एवं वेक्यूम प्लांट तथा कमला नेहरू चिकित्सालय एवं इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय में लिफ्ट की स्थापना की जायेगी। इसके अतिरिक्त कुछ आवश्यक चिकित्सीय उपकरण भी कय किये जायेंगे तथा बोनमेरो ट्रांसप्लान्ट यूनिट की स्थापना भी प्रस्तावित है। भवनों का नवीनीकरण भी इसी राशि से किया जाना है।

4. कमला नेहरू चिकित्सालय के चतुर्थ तल पर बोन मैरो ट्रान्सप्लांट यूनिट की स्थापना की जायेगी एवं उक्त यूनिट का संचालन गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल के द्वारा किया जावेगा। उक्त सुविधा से गैस पीड़ित ब्लड कैंसर के मरीजों को निःशुल्क उपचार व्यवस्था का प्रावधान किया जावेगा।

5. उपरोक्त कार्य के अतिरिक्त 04 औषधालय अशोका गार्डन, बाग उमराव दूल्हा, पॉली क्लीनिक इब्राहीमगंज एवं रुकमा बाई औषधालय के भवन का नवीन निर्माण किए जाने हेतु शासन अनुमति के परिपालन मे कार्यवाही प्रचलन मे है।

6. **चिकित्सालयों का कम्प्यूट्रीकरण** – विभाग द्वारा संचालित 06 चिकित्सालयों को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन.आई.सी.) द्वारा "e-hospital" परियोजनांतर्गत पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकृत किया जा चुका है। कम्प्यूट्रीकरण पर कुल राशि रूपए 11.43 करोड़ खर्च किए गए है। एक ग्रिड से जोड़कर गैस प्रभावितों की रजिस्ट्री तैयार की जा रही है। गैस राहत चिकित्सालयों के ई–हॉस्पिटल परियोजना के क्रियान्वयन हेतु प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर एवं डाटा एन्ट्री आपरेटर आउटसोर्स कर संचालन का कार्य सौंपा गया है।

इसी अनुक्रम में भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अंतर्गत संचालित 09 डे–केयर सेन्टर्स को भी शीघ्र कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा। इसी के साथ–साथ BMHRC, Bhopal & NIREH (ICMR Bhopal) को लिंक से जोड़ा गया है। उनके द्वारा गैस राहत चिकित्सालयों के मरीजों की बीमारियों तथा उपचार से संबंधित इलेक्ट्रोनिक डाटा का उपचार एवं विश्लेषण कार्य हेतु राष्ट्रीय पर्यावरणीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद) भोपाल द्वारा उपयोग किया जा रहा है।

कम्प्यूट्राइजेशन के माध्यम से जहां एक ओर प्रत्येक मरीज का इलेक्ट्रॉनिक रिकार्ड संधारित हो रहा है वही दूसरी ओर गैस राहत चिकित्सालयों के मध्य रेफरल सिस्टम भी सुदृढ़ हो रहा है अब मरीज गैस राहत चिकित्सालय से बी.एम.एच.आर.सी. चिकित्सालय में जाएगा वहां पहुंचने पर उसके यूनिक आई.डी. (UHID) को फीड करते ही संबंधित मरीज के उपचार की पूरी जानकारी का चिकित्सा इतिहास स्क्रीन पर उपलब्ध होगा जिससे चिकित्सक और मरीज दोनो को इलाज में सुविधा होगी।

7. **आयुष्मान भारत (निरामयम् योजना)** – विभाग के अंतर्गत संचालित 04 चिकित्सालयों में भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई आयुष्मान भारत (निरामयम् योजना) का क्रियान्वयन किया गया है। उक्त योजना में वर्ष 2011 में संपन्न सामाजिक–आर्थिक जनगणना में श्रेणी डी–1 से डी–7 (डी–6 को छोड़कर) तक के नागरिकों को उपचार की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। योजना में खाद्य पात्रता पर्ची एवं संबल योजनाधारी नागरिक भी सम्मिलित हैं। माह जनवरी की मंत्रि परिषद की बैठक में गैस पीड़ितो एवं उनके पुत्र/पुत्रियो को भी इस योजना मे सम्मिलित करने हेतु निर्णय लिया गया है।

योजना अनुसार प्राप्त होने वाली राशि के संधारण में भोपाल गैस पीड़ित एवं पुनर्वास रोगी कल्याण समिति के अधीनस्थ 06 उपसमितियों का गठन किया गया जिसमें से 02 चिकित्सालयों (पल्मोनरी मेडिसिन सेंटर एवं मास्टर लाल सिंह चिकित्सालय) में इस योजना के अंतर्गत इलाज का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। शेष अन्य 04 चिकित्सालयों में इस योजना में 01.01.2021 से 31.12.2021 तक निम्नानुसार आयुष्मान कार्ड बनाए जाकर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं :–

GAS VICTIM AAYUSHMAN PATIENT TILL 2021		
HOSPITAL NAME	AAYUSHMAN PATIENT	GAS VICTIM
KNH	643	0
IGH	1302	8
SAK	311	62
JNH	1032	83
TOTAL	3288	153
GAS VICTIM AAYUSHMAN CANCER PATIENT		
JNCH HOSPITAL	NAVODAY HOSPITAL	CHIRAYU HOSPITAL

AAYUSHMAN PATIENT	DEATH	AAYUSHMAN PATIENT	DEATH	AAYUSHMAN PATIENT	DEATH
31	5	42	6	7	0

TOTAL AAYUSHMAN PATIENT	80	TOTAL GAS VICTIM AAYUSHMAN ACTIVE PATIENT	69
AAYUSHMAN DEATH PATIENT	11		

8. **रोगी कल्याण समिति** – गैस राहत विभाग के अधीन सभी चिकित्सालयों (कुल 06) एवं डिस्पेंसरीज (कुल–09) के लिये संयुक्त रूप से भोपाल गैस पीड़ित एवं पुनर्वास रोगी कल्याण समिति, गैस राहत दिनांक 15.09.2005 से क्रियाशील होने के पश्चात् गैस पीड़ित एवं गैर गैस पीड़ित रोगियों के स्वास्थ्य में गुणवत्ता लाने के लिये निरन्तर प्रयासरत है । समिति अपने उद्देश्यों को लेकर न केवल गैस गैस पीड़ित रोगियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराती है बल्कि गैस पीड़ित रोगियों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने की गुणवत्ता में निरन्तर उन्नयन किया गया है इसी के अन्तर्गत गैस राहत चिकित्सालयों में सुपरस्पेशलिस्ट आदि की कमी को मद्देनजर रखते हुए रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्तमान में शाकिर अली खान चिकित्सालय एवं इन्दिरा गॉधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय, गैस राहत भोपाल में एक मेडिकल स्पेशलिस्ट की सेवायें तथा कमला नेहरू चिकित्सालय में एक ई.ई.जी. तकनीशियन की सेवायें भोपाल गैस पीड़ित एवं पुनर्वास, रोगी कल्याण समिति, गैस राहत भोपाल के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही हैं। साथ ही कमला नेहरू चिकित्सालय एवं इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकितसालय में 01–01 एम्बुलेंस चालक की सेवायें रोगी कल्याण समिति की ओर से प्रदाय की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त कार्यालयीन स्टाफ की कमी को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सालयों के सुचारू कार्य सम्पादन हेतु कमला नेहरू चिकित्सालय/इन्दिरा गॉधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय एवं संचालनालय गैस राहत एवं पुनर्वास गैस राहत, भोपाल हेतु लेखापालों/स्टेनो–टाइपिस्ट की व्यवस्था रोगी कल्याण समिति के माध्यम से मानदेय के आधार पर की गयी है।

कमला नेहरू चिकित्सालय में दो शिफ्ट में डायलेसिस सेवा प्रारम्भ करने हेतु अधीक्षक, कमला नेहरू चिकित्सालय द्वारा की गई माँग के आधार पर रोगी कल्याण समिति द्वारा माह सितम्बर 2018 में 03 डायलेसिस टेक्नीशियन की नियुक्ति कर उनकी सेवायें उपलब्ध कराई जा रही हैं जिससे कमला नेहरू चिकित्सालय में दो शिफ्ट में डायलेसिस सुविधा का लाभ प्राप्त हो रहा है।

गैस राहत विभाग के समस्त चिकित्सालयों में दैनिक प्रशासन एवं चिकित्सा प्रबन्धन हेतु वर्तमान में आकस्मिक व्यय के लिये प्रतिमाह राशि रू 5,000/– निरन्तर प्रदान की जा रही है जिससे सभी चिकित्सालयों में जरूरी आकस्मिक कार्य पूर्ण किये जाते हैं जिससे निश्चित ही इसका लाभ गैस पीड़ित रोगियों को मिलता है।

चिकित्सालयों में दवाईयों, उपकरण एवं जांच सामग्री की अनुपलब्धता होने पर चिकित्सा अधीक्षकों द्वारा की गयी माँग के अनुसार आवश्यक औषधियाँ, उपकरण एवं जांच सामग्री रोगी कल्याण समिति की ओर से उपलब्ध करायी गयीं हैं।

वर्तमान में शासन के सहयोग से रोगी कल्याण समिति द्वारा इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल में ब्लड बैंक के उन्नयन में भी सहयोग प्रदाय किया जा रहा है।

इसी प्रकार गैस राहत विभाग के अधीन कमला नेहरू चिकित्सालय, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय, इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय, शाकिर अली खान चिकित्सालय में आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक चिकित्सालय हेतु रोगी कल्याण उप समिति का गठन करते हुए बैंक खाता खोलते हुए पात्र आंतरिक मरीजों का आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत करते हुए इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है।

रोगी कल्याण समिति के माध्यम से उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सदैव प्रयासरत रहेंगे।

9. **ब्लड बैंक** – इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय में पूर्व से संचालित ब्लड बैंक का उन्नयनीकरण किया जाकर ब्लड कम्पोनेंट यूनिट दिनांक 26.02.2019 को प्रारंभ की गई, जिसमें कि पूर्ण रक्त के साथ अलग–अलग पेक्ड–सेल, प्लेट्लेट्स, फ्रेश फ्रोज़न प्लाज़्मा इत्यादि का संग्रहण कर आवश्यकतानुसार भोपाल शहर के मरीजों के इलाज हेतु उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है।

विभाग द्वारा कोविड–19 हेतु किये गए कार्य

(अ) कोविड परीक्षण

विभाग द्वारा संचालित चिकित्सालयों एवं डिस्पेंसरियों में कोविड–19 की स्क्रीनिंग एवं परीक्षण का कार्य भारत सरकार द्वारा कोविड–19 हेतु जारी की गई गाईडलाईन्स के अनुरूप किया गया। इस हेतु आवश्यक उपकरण जैसे थर्मल स्क्रीनिंग हेतु टच–लेस थर्मामीटर, पी.पी.ई. किट, मास्क एवं सेनेटाइज़र की व्यवस्था, आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त रोगी कल्याण समिति के सहयोग से 05 बड़े चिकित्सालयों में कोविड परीक्षण हेतु विशेष टेस्टिंग यूनिट्स की व्यवस्था की गई। समय–समय पर प्राप्त गाईडलाईन्स का पालन करते हुए फीवर क्लीनिक की व्यवस्था की गई। ये समस्त व्यवस्थाऐं वर्तमान में भी संचालित की जा रही हैं।

(ब) कोविड वेक्सीनेशन (टीकाकरण)

शासन से प्राप्त निर्देशों एवं गाईडलाइन्स को पालन करते हुए वर्तमान में गैस राहत विभाग के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय, इंदिरा गांधी चिकित्सालय, मास्टर लालसिंह चिकित्सालय एवं पल्मोनरी मेडिसिन सेंटर, जहांगीराबाद, भोपाल में कोविड वेक्सीनेशन की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है।

आर्थिक पुनर्वास

गैस पीड़ितों के आर्थिक पुनर्वास कार्य हेतु राशि रू. 104 करोड़ केन्द्र सरकार से वर्ष 2010 में प्राप्त हुई थी, जिसमें से 100 करोड़ रूपये रोजगार हेतु, 2.00 करोड़ रूपयें मार्केटिंग सेल हेतु एवं रूपये 2.00 करोड़ मानव संसाधन सेल के लिये प्रावधानित है। विभाग द्वारा अब तक स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत गैस पीड़ित हितग्राहियों को ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट के आधार पर 12355 लोगों को रोजगार में स्थापित करने हेतु प्रयास किये गये थे, जिसमें राशि रूपये 18.13 करोड़ अब तक व्यय किये गये है, शेष बची राशि रूपये 85.87 करोड़ उपलब्ध है। उपरोक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु निम्न निर्णय लिये गये –

- उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्य मंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत गैस पीड़ितों एवं उनके पुत्र पुत्रियों को लाभ दिलाये जाने हेतु योजना की कण्डिका (स) के अंतर्गत 166 हितग्राहियों का सत्यापन कार्यालय, कल्याण आयुक्त, भोपाल से कराया जाकर सूची भोपाल जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र को अतिरिक्त 20 प्रतिशत राशि (रुपये 1.00 लाख) की टॉपअप राशि की जानकारी प्राप्त की गयी। गैस पीड़ितो एवं उनके पुत्र पुत्रियों को योजना की अन्य पात्रताएं पूर्ण करने पर उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्कीम के अतिरिक्त 20 प्रतिशत राशि (रुपये 1.00 लाख) की पात्रता होगी।

- उक्त योजना के अन्तर्गत चिन्हित 108 गैस पीड़ित हितग्राहियों को राशि रूपये 1.00 करोड़ से टॉपअप राशि का भुगतान किये जाने की कार्यवाही विभाग द्वारा के–डिपोजिट में जमा राशि से राशि रूपये 1.00 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त की जाकर 101 पात्र हितग्राहियों के लोन अकाउंट में सब्सिडी की राशि आर.टी.जी.एस. के माध्यम से हस्तांतरित की गयी है।

चिकित्सा पुनर्वास

गैस पीड़ितों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 33 चिकित्सा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में एलोपेथी मेडिसिन के 6 चिकित्सालय, 9 'डे–केयर यूनिट' कार्यरत हैं, इसके अतिरिक्त देशी चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी प्रत्येक के 03–03, कुल 09 औषधालय आयुष विभाग के अधीन संचालित हैं। भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल ट्रस्ट का एक मुख्य चिकित्सालय एवं इसकी 8 मिनि यूनिट, गैस पीड़ितों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु संचालित हैं। विगत वर्ष में प्रतिदिन गैस राहत विभाग के चिकित्सालयों में औसतन 1979 इस प्रकार कुल 7,20,408 रोगियों का बाह्य रोगी विभाग में उपचार किया गया। इस अवधि में अन्तः रोगी मरीजों के रूप में 10,495 को लाभान्वित किया गया है एवं निःशुल्क उपचार का लाभ दिया गया है।

गैस राहत विभाग के 06 बड़े चिकित्सालयों में सुरक्षा एवं साफ सफाई व्यवस्था निजी ऐजेन्सी के माध्यम से आउटसोर्स की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत गैस राहत के सभी शैय्या युक्त चिकित्सालय में साफ सफाई अच्छी गुणवत्ता की रहती है।

गैस राहत चिकित्सालय में औषधि का उपार्जन सर्वप्रथम मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कार्पोरेशन भोपाल द्वारा निर्धारित दरों से किया जाता है। जिन औषधियों की दरे उपलब्ध नहीं है, उन्हें गैस राहत विभाग द्वारा आमंत्रित खुली निविदा के माध्यम से दरों का निर्धारण कर तथा इसके अतिरिक्त यदि मरीजों को आकस्मिक सेवाओं के दौरान औषधि की आवश्यकता होती है, तो स्थानीय क्रय के माध्यम से चिन्हांकित की गई, औषधि दुकान से प्राप्त कर चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को उपलब्ध कराई जाती है।

विभाग के अन्तर्गत संचालित चिकित्सालय एवं औषधालयों का विवरण :–

(क) अस्पताल :

1.	कमला नेहरू चिकित्सालय	219 शैय्या
2.	इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय	150 शैय्या
3.	जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय	125 शैय्या
4.	रसूल अहमद सिद्दीकी पल्मोनरी मेडिसिन सेन्टर	50 शैय्या
5.	खान शाकिर अली खान चिकित्सालय	90 शैय्या
6.	मास्टर लाल सिंह चिकित्सालय	30 शैय्या
	कुल :	**664 शैय्या**

(ख) 'डे–केयर' यूनिट : (चिकित्सालय / औषधालय)

1. के.एन. प्रधान, जहांगीराबाद
2. मौलाना अबुल कलाम आजाद पुतलीघर
3. बाग उमराव दूल्हा
4. मां कर्मा देवी, करोंद
5. कुशाभाऊ ठाकरे ,नरेला शंकरी
6. सिविल डिस्पेंसरी, अशोका गार्डन

7. पॉली क्लीनिक, इब्राहिमगंज
8. रूकमाबाई
9. लाल बहादुर शास्त्री, मालीखेड़ी

(ग) देशी चिकित्सा पद्धति :

1. आयुर्वेद औषधालय :
   (1) लालघाटी (2) टीला जमालपुरा (3) चांदबड़
2. होम्योपैथी औषधालय :
   (1) कबीटपुरा (2) नारियल खेड़ा (3) टीला जमालपुरा
3. यूनानी औषधालय :
   (1) गिन्नोरी (2) रफीकिया (3) काजी केम्प

विभिन्न सुविधाऐं एवं योजनाऐं:-

1. **सरदार वल्लभ भाई पटेल निःशुल्क औषधि वितरण योजना** – के तहत सभी गैस राहत चिकित्सालयों में 252 प्रकार की निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जा रहा है तथा सभी प्रकार की जांचे निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

2. **108 इमरजेंसी सेवा** – इस सेवा के तहत कोई भी रोगी 108 डायल कर एम्बुलेंस सेवा का निःशुल्क लाभ अपने घर से चिकित्सालय आने एवं जाने के लिए करते हैं।

3. **निःशुल्क डाईट** – गैस राहत चिकित्सलयों में भर्ती मरीजों को आहार प्रतिदिन निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है।

4. **डायलेसिस** – कमला नेहरू चिकित्सालय में अत्याधुनिक डायलिसिस इकाई तैयार कर 10 मशीनें स्थापित कर संचालित की जा रही है। चिकित्सालय में आने वाले गैस पीड़ित मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। जनवरी से दिसम्बर 2021 तक 2605 किडनी रोग से प्रभावित व्यक्तियों को डायलिसिस सेवाओं का निःशुल्क लाभ दिया गया है।

5. **गैस पीड़ित कैंसर रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा** – 01 जनवरी 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक कुल 392 गैस पीड़ित कैंसर मरीजों को निजी चिकित्सालय जवाहर लाल नेहरू कैंसर चिकित्सालय, ईदगाह हिल्स भोपाल, चिरायु मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पिटल बैरागढ, भोपाल एवं नवोदय कैंसर चिकित्सालय, एम.पी. नगर भोपाल में उपचार हेतु रेफर किया गया है, उक्त उपचार पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति गैस राहत विभाग द्वारा की जाती है एवं इस वित्तीय वर्ष में दिसम्बर तक राशि रुपये 14.99 करोड़ की प्रतिपूर्ति का भुगतान कैंन्सर मरीजों के जांच एवं उपचार हेतु किया गया है। कैंसर मरीजों की प्रतिपूर्ति व्यवस्था वर्ष 1998 से प्रारम्भ हुई है। 31 दिसम्बर, 2021 तक कुल 6838 गैस पीड़ित कैंसर मरीज उक्त व्यवस्था से लाभान्वित हुये हैं एवं कुल राशि रुपये 108.89 करोड़ का व्यय किया गया।

6. **अत्याधुनिक रेडियोडायग्नोस्टिक जांचे** – एम.आर.आई., सी.टी. स्केन, मेमोग्राफी, कलर डाप्लर तथा पेट-सी.टी. की व्यवस्था आउटसोर्स अधिमान्यता प्राप्त संस्थान के माध्यम से दिनांक 12.04.2017 से

की जा रही है।

दिनांक 01.01.2021 से 31.12.2021 तक अधिमान्य संस्थाओं द्वारा गैस पीड़ित एवं उनके बच्चों की रेडियोडायग्नोस्टिक जांचे की संस्थावार जानकारी "परिशिष्ट–4" पर उपलब्ध है।

7. **अन्य गंभीर बीमारी हेतु सहायता** – गंभीर बीमारियों से ग्रस्त गैस पीड़ित एवं उनके बच्चों को विशेष प्रकरण के रूप में प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर उपचार हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इन प्रकरणों में लीवर प्रत्यारोपण, गुर्दा प्रत्यारोपण, बोन ट्यूमर, हृदय रोग, कैंसर उपचार इत्यादि शामिल हैं।

8. **स्वास्थ्य पुस्तिकाएँ** – गैस पीड़ितों के उपचार हेतु बनायी गयी स्वास्थ्य पुस्तिकाओं की अद्यतन जानकारी निम्नानुसार है:–

क्र.	संस्था का नाम	इस वर्ष निर्मित	कुल संख्या	क्र.	संस्था का नाम	इस वर्ष निर्मित	कुल संख्या
1	जे.एन.एच.	—	21714	9	के.एन.पी.जहाँगीराबाद	—	1061
2	आई.जी.एच.	—	21319	10	एम.ए.क्यू.पुतलीघर	31	2896
3	एम.एल.एस.	98	11106	11	के.बी.टी.नरेला शंकरी	39	1756
4	एस.ए.के.	—	6511	12	सी.डी. बी.यू.डी.	—	805
5	पी.एम.सी.	—	7089	13	एम.के.डी. करोंद	76	7116
6	के.एन.एच.	—	3656	14	एल.बी.एस.,मालीखेड़ी	—	30
7	पी.सी. इब्राहिमगंज	—	198	15	सी.डी. अशोका गार्डन	17	5581
8	रुकमाबाई, बरखेड़ी	—	1971				
महायोग						261	92809

9. **गैस पीड़ित मरीजों के स्मार्ट कार्ड** – मंत्री स्तरीय विभागीय समीक्षा समिति की बैठक दिनांक 10.09.2016 में लिए गए निर्णय अनुसार गैस पीड़ित एवं उनके बच्चों के स्मार्ट कार्ड बनाये जाने के संबंध में बैठक में यह अवगत कराया गया कि भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर भोपाल द्वारा अब तक कुल 3,86,000 गैस पीड़ित तथा उनके बच्चो के स्मार्ट कार्ड/पहचान पत्र (Identity Card) बनाये गये है। वर्तमान में बी.एम.एच.आर.सी. द्वारा गैस पीड़ित एवं उनके बच्चों के बारकोडेड स्मार्ट कार्ड तैयार किये जा रहे है, लगभग 30,000 गैस पीड़ित एवं उनके बच्चों के स्मार्ट कार्ड अबतक बनाये गये है। इस संबंध में यह भी निर्णय लिया गया कि जो स्मार्ट कार्ड बनाये जायेंगे वो दोनो संस्थाओं बी.एम.एच.आर.सी. तथा गैस राहत की चिकित्सीय ईकाईयों में एक रूपता से उपयोग हो सके।

10. **भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, करोंद** – माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 03.10.1991 को दिये गये निर्णय में आदेशित किया गया था कि यूनियन कार्बाइड द्वारा गैस पीड़ितों के उपचार के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक अस्पताल का निर्माण किया जाये। अस्पताल के निर्माण के लिए राज्य शासन द्वारा लगभग 85 एकड़ भूमि, भोपाल मेमोरियल हॉस्पीटल ट्रस्ट को उपलब्ध करा दी गई है। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 19,जुलाई, 2010 से भारत सरकार द्वारा भोपाल मेमोरियल ट्रस्ट को भंग कर इसे अधिग्रहित कर लिया गया है। यह चिकित्सालय बायोटेक्नालॉजी एवं एटॉमिक एनर्जी विभाग के अधीन संचालित किये जाने के आदेश

पारित किये गये थे। वर्तमान में यह चिकित्सालय भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं अनुसंधान विभाग के अन्तर्गत संचालित है। चिकित्सालय में निम्न विशेषज्ञता सुविधाएं उपलब्ध हैं :–

1. न्यूरो साइन्स	2. ऑप्थल्मोलॉजी	3. पल्मोनरी मेडिसिन
4. कार्डियक साइन्स	5. गेस्ट्रोएन्ट्रोलॉजी	6. यूरोलॉजी
7 नेफ्रोलॉजी	8. पैथोलॉजी, ब्लड बैंक	9. रेडियो डायग्नोसिस

वर्तमान में बी.एच.एम.आर.सी. के अधीन संचालित 8 डिस्पेन्सरी (मिनि यूनिट्स) जिनके नाम क्रमशः 1. कैन्ची छोला 2. स्टेशन बजरिया 3. चांदबढ़ 4. टीला जमालपुरा 5. गिन्नौरी 6. जहाँगीराबाद 7. करौंद 8. बाल विहार में गैस पीड़ितों को बाह्य रोगी सेवाएं प्रदान की जाती हैं, तथा आवश्यकतानुसार मुख्य अस्पताल को रेफर किया जाता है।

कमला नेहरू चिकित्सालय

यह चिकित्सालय दिनांक 14 जनवरी 2000 से हमीदिया चिकित्सालय के परिसर में गैस राहत विभाग द्वारा प्रारम्भ किया गया है ।

इस चिकित्सालय को गैस पीड़ितों के इलाज के लिये सुपर स्पेशलिटी रेफरल संस्था के रूप मे विकसित किया गया है। यहाँ पर विशेषज्ञ स्तर के चिकित्सकों की सेवायें उपलब्ध कराई जा रही हैं। चिकित्सालय में गैस पीड़ितों को बेहतर इलाज की नई तकनीकों की सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही हैं। चिकित्सालय में 139 शैय्या हैं, जिनमें से वर्तमान में 119 शैय्या क्रियाशील किये गये हैं तथा 20 शैय्या को क्रियाशील करने की प्रक्रिया प्रचलन में हैं। शेष 80 शैय्या गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के पिडियाट्रिक विभाग के माध्यम से द्वितीय एवं तृतीय तल पर संचालित की जा रही है।

प्रदत्त सेवाऐं:–

चिकित्सालय में अत्याधुनिक मशीनों एवं उपकरणों की स्थापना कर, नवीनतम तकनीक उपलब्ध कराई गई है। इस अस्पताल में उदर रोग मेडिकल वार्ड–1 (24 शैय्या), उदर रोग मेडिकल वार्ड–2 एवं पोस्ट ऑपरेटिव (30 शैय्या), नेफ्रोलॉजी–डायलिसिस इकाई (10 शैय्या), नेत्र रोग (20 शैय्या), गहन चिकित्सा इकाई (10 शैय्या) तथा पैथालॉजी विभाग एवं रेडियोलॉजी विभाग हैं। सर्जिकल वार्ड (25 शैय्या) पंचम तल पर स्थापित किया गया है। यूरोलॉजी (10 शैय्या) मानसिक रोग (10 शैय्या) विभाग प्रारम्भ करना प्रस्तावित है।

गहन चिकित्सा इकाई आई.सी.यू. में इकोकार्डियोग्राफी के साथ कलर डॉपलर से गैस पीडितों की गंभीर बीमारियों का सूक्ष्म परीक्षण किया जा रहा है। वेंटीलेटर इत्यादि आवश्यक मशीनों से उपचार प्रदान किया जाता है।

चिकित्सालय की अति–विशिष्ट सेवाओं में उदर रोग विभाग मे जी.आई. एन्डोस्कोपी के निदान तथा उपचार प्रक्रियाएं सतत् रूप से सम्पादित की जा रही हैं। डायलिसिस यूनिट में 10 मशीनें प्रतिदिन क्रियाशील हैं।

उदर रोग सर्जरी तथा जनरल सर्जरी विभागों में सभी प्रकार के मेजर एवं माइनर ऑपरेशन किये जाते हैं। माह जनवरी 2021 से दिसम्बर 2021 तक 59 ऑपरेशन किये गये जिनमें 21 मेरज ऑपरेशन जैसे–

गालब्लेडर, हार्निया, हाईड्रोसिल, एपेन्डिक्स ऑपरेशन आदि किये गये तथा 38 माइनर ऑपरेशन किये गये।

नेत्र रोग विभाग में उच्च तकनीकी उपकरण जैसे ऑटो रेफरेक्टोमीटर, स्लिट लेम्प, अल्ट्रासाउण्ड, ए-स्केनिंग एवं बी-स्केनिंग, फील्ड एनालिसिस, सायनेप्टोफोर, एनोम्लोस्कोप आदि उपलब्ध हैं एवं विभाग के उन्नयन हेतु अत्याधुनिक उपकरण जैसेः फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन, स्पेक्यूलर माइक्रोस्कोप, याग लेजर स्थापित किये गये हैं। मोतियाबिन्द के ऑपरेशन अति-आधुनिक पद्धति से किये जाते हैं तथा कांच बिन्दु ग्लोंकोमा का उपचार अति-आधुनिक उपकरणों से किया जा रहा है। नेत्र रोग विभाग में 20 शैय्या का वार्ड उपलब्ध है। इस वर्ष 8991 जॉच एवं फन्डस जॉच, 9625 चश्में के नम्बर, स्टि लेम्प से जाना एवं फन्डस, 483 रोगियों का ए-स्केन, 36 रोगियों का बी-स्केन की गई। 1 रोगी के ग्लूकोमा की जॉच हेतु फील्ड की जॉच की गई। 617 डारेक्ट ऑपथल्मोस्कोपी, 2198 टोनोमेट्री एवं भेंगेपन की जॉच सायनोप्टोफोर से की जाती है। कुल 450 ऑपरेशन भी किये गये है।

चिकित्सा में दन्त रोग विभाग कार्यरत है, जिसमें प्रतिदिन दन्त रोग से पीड़ित मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

रेन्डम एक्सेस एनालाईजर, एलाइज़ा रीडर, हीमेटोलॉजी में फुली ऑटोमेटेड बॉयोकेमेस्ट्री एनालाइजर आदि स्थापित किये जा चुके हैं। चिकित्सालय के पैथोलॉजी विभाग में स्थापित उच्च तकनीकी उपकरणों से जाँच आदि का कार्य संपादित किया जा रहा है। बेक्टीरियोलॉजी प्रयोगशाला की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। पैथोलॉजी विभाग में दो विशेष जाँचें : माइक्रोबायोलॉजी एवं थायरॉइड प्रोफाईल शुरू की गई।

न्यूरोलॉजी एवं मानसिक रोग विभाग में विशेषज्ञ की सेवायें उपलब्ध हैं। चिकित्सालय में ई.एन.टी. वर्क स्टेशन एवं नवीन आधुनिक मशीन आदि स्थापित किये जा चुके हैं जिससे गैस पीड़ित लाभान्वित होंगे। चिकित्सालय में ई.एन.टी. विशेषज्ञ की सेवायें उपलब्ध हैं।

कमला नेहरू चिकित्सालय में सेन्ट्रल ऑक्सीजन वेक्यूम (सक्शन) नाईट्रस प्लाण्ट स्थापित किया गया है। सेन्ट्रल ऑक्सीजन वेक्यूम (सक्शन) की व्यवस्था ओ.टी., आई.सी.यू., डायलिसिस यूनिट, एण्डोस्कोपी यूनिट एवं वार्डों में की गई है जिसका चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को लाभ मिल रहा है। विगत वर्ष चिकित्सालय में 500 ली./मि. पी.एस.ए. प्लांट की स्थापना की गई है।

चिकित्सालय के बाह्य रोगी विभाग में डायबिटीज़ क्लीनिक कार्यरत है, जिसमें प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक डायबिटीज़ की जाँच कर उपचार की सलाह दी जाती है।

संस्था में नवीन एवं उन्नयन कार्यः-

चिकित्सालय में परिजनों हेतु प्रतीक्षालय का निर्माण एवं शौचालयों की व्यवस्था हेतु राशि रु.143.96 लाख का कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।

एम.बी.बी.एस. चिकित्सा अधिकारियों के लिये पी.जी.डिप्लोमा कोर्स

शासन के निर्देशानुसार एवं प्रदाय स्वीकृति के अनुक्रम में भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के द्वारा संचालित कमला नेहरू चिकित्सालय एवं इन्दिरा गाँधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल में एम.बी.बी.एस. चिकित्सा अधिकारियों के लिये वर्ष 2018 से कमला नेहरू चिकित्सालय में दो

वर्षीय पी.जी.डिप्लोमा कोर्स प्रारम्भ किया गया है । वर्तमान में कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल में द्वितीय वर्ष के 02 विद्यार्थी एवं प्रथम वर्ष के 02 विद्यार्थी इस प्रकार कुल 04 विद्यार्थी अध्ययनरत है । वर्ष 2020 में 02 विद्यार्थी उक्त कोर्स पूर्ण कर चुके हैं।

पी.जी. डिप्लोमा कोर्स के विद्यार्थियों को इकोकार्डियोग्राफी प्रशिक्षण

इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय

इस चिकित्सालय में निम्नलिखित सुविधाऐं उपलब्ध हैं एवं अभी तक की सुविधाओं से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है:-

यह अस्पताल गैस पीड़ित महिलाओं तथा शिशुओं के लिये विशेष एवं आधुनिक सुविधा युक्त 150 शैय्यायुक्त एक सम्पूर्ण चिकित्सालय है। चिकित्सालय में स्त्री रोग विभाग जिसमें बाह्य रोगी विभाग तथा आंतरिक रोगी विभाग है, तथा शिशु रोग विभाग जिसमें पीडियाट्रिक इन्टेंसिवकेयर यूनिट एवं नियोनेटल इन्टेंसिवकेयर युनिट की सुविधा अत्याधुनिक मशीन एवं उपकरणों से सुसज्जित कर प्रारंभ किया गया है। गर्भवती महिलाओं के इलाज के लिये तथा शल्य क्रिया के समय रक्त की आवश्यकता रहती है। इस बिन्दु को ध्यान में रखते हुये इस चिकित्सालय परिसर में एक अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ब्लड बैंक स्थापित किया गया है एवं यह अत्यंत लाभकारी प्रतीत हो रहा है। चिकित्सालय में पंजीयन कार्य कम्प्यूटर के माध्यम से किया जा रहा है। परिवार कल्याण से संबंधित योजनाओं का भी नियमित रूप से पालन किया जा रहा है।

प्रदत्त सेवाऐं:-

इंदिरा गाँधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल के अंतर्गत राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत इस चिकित्सालय में टीकाकरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। इस चिकित्सालय में राष्ट्रीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में पल्स पोलियो उन्मूलन के कार्यक्रम के अंतर्गत पल्स पोलियो वैक्सीन वितरण केंद्र की स्थापना कर नया अध्याय जोड़ा गया है। इस केंद्र से भोपाल जिले के 09 वार्डों को वैक्सीन प्रदाय की जाती है।

चिकित्सालय के चिकित्सकगण चिकित्सालय के मरीजों की सेवा के साथ-साथ सामाजिक कार्यक्रम जैसे इज्तिमा, शालेय स्वास्थ्य परीक्षण योजना आदि में भी अपना सहयोग प्रदान करते हैं।

संस्था में नवीन एवं उन्नयन कार्य:-

1. चिकित्सालय में माड्यूलर ओ.टी. का कार्य पूर्ण हो चुका है।
2. चिकित्सालय में 01 नया जनरेटर स्थापित किया गया है।
3. चिकित्सालय में ऑक्सीजन एवं सक्शन प्लांट भी स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है।
4. चिकित्सालय में 01 नई लिफ्ट लगाई गई है।

5. इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय में गैस राहत विभाग के अन्तर्गत संचालित चिकित्सालयों के लिए स्थापित ब्लड बैंक को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के वित्तीय सहयोग से ब्लड बैंक का रेनोवेशन का कार्य किया गया है। वर्तमान में उक्त ब्लड बैंक को देश के अत्याधुनिक ब्लड बैंको की श्रेणी के अनुरूप विकसित किया जा रहा है जिसमें ब्लड के साथ–साथ ब्लड कंपोनेन्ट उपलब्ध कराने की संपूर्ण व्यवस्था की जावे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा उक्त ब्लड बैंक को अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किये जाने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। उक्त सहायता से लगभग राशि रूपये 70.00 लाख के उपकरण मध्य प्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विस कार्पोरेशन, भोपाल तथा राजस्थान मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन, जयपुर के माध्यम से प्रदाय कर स्थापित किये जा चुके हैं।

6. इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय में पूर्व से संचालित ब्ल्ड बैंक का उन्नयनीकरण किया जाकर ब्लड कम्पोनेंट यूनिट दिनांक 26.02.2019 को प्रारंभ की गई, जिसमें कि पूर्ण रक्त के साथ अलग–अलग पेक्ड–सेल, प्लेट्लेट्स, फ्रेश फ्रोज़न प्लाज़मा इत्यादि का संग्रहण कर आवश्यकतानुसार भोपाल शहर के शासकीय एवं अशासकीय चिकित्सालयों में उपचार प्राप्त कर रहे मरीजों को लाभ पहुँचा सकेगा।

7. अत्याधुनिक ब्लड बैंक का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा ब्लड कंपोनेन्ट के सेपरेशन हेतु लगभग रूपये 70.00 लाख के अत्याधुनिक उपकरण (हेमोटोलॉजी एनालाईजर, डीप फ्रीजर, ब्लड रेफ्रिजरेटर, रेफ्रिजेरेटेड सायरोफयुज आदि) प्राप्त हो गये हैं।

जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय

जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय का प्रारंभ गैस त्रासदी के बाद 13 जनवरी, 1985 को किया गया था। प्रारंभ में इस चिकित्सालय में 30 शैय्या, एक्स–रे, पैथोलॉजी व लेबर रूम की सुविधा थी। सन् 1986 में एक नये चिकित्सालय भवन का निर्माण हुआ जिसमें बच्चा वार्ड, मेडिकल वार्ड, सर्जिकल वार्ड, प्रसूति वार्ड, नेत्र वार्ड स्थापित किये गये। सन् 1987 में आई.सी.सी.यू. सुविधा का विस्तार किया गया।

नवम्बर, 2002 में चिकित्सालय के भू–तल पर महिला वार्ड का निर्माण किया गया। मरीजों की सुविधा

हेतु ओ.पी.डी. भवन में एक रेम्प का निर्माण किया गया। वर्तमान में लगभग 193 अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यरत है। इसके अतिरिक्त अन्य चिकित्सालयों से भी चिकित्सा अधिकारी संलग्न हैं, जिनकी सेवायें भी चिकित्सालय में ली जा रही है। चिकित्सालय में 24 घंटे आकस्मिक उपचार की सुविधा उपलब्ध है। चिकित्सालय में गंभीर मरीजों हेतु 24 घण्टे एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध है।

प्रदत्त सेवाऐं

यह चिकित्सालय एक मल्टीस्पेशिलिटी चिकित्सालय है, जिसमें मेडिसिन, सर्जरी, नाक, कान, गला, अस्थि रोग, शिशु रोग, नेत्र रोग, दन्त रोग, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी एवं स्त्री रोग विभाग क्रियाशील है।

सेवाओं का विस्तार

- क्षय रोग के निदान एवं इलाज हेतु 'डॉट सेंटर' संचालित है।
- कुष्ठ रोग नियंत्रण इकाई संचालित है।
- जननी सुरक्षा योजना का लाभ गर्भवती माताओं को दिया जाता है।
- प्रसव परिवहन योजना संचालित है।
- दीनदयाल अन्त्योदय योजना का लाभ मरीजों को दिया जाता है।
- राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम संचालित है।
- पल्स पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया गया।

नवीन कार्य एवं उन्नयन की जानकारी

- मॉड्यूलर सर्जिकल ओ.टी. का कार्य पूर्ण हो चुका है।
- सर्जिकल वार्ड में फाल्स सिलिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है।
- ऑक्सीजन सप्लाई लाईन का कार्य बच्चा वार्ड, मेडिकल वार्ड (आई.सी.यू.), प्रसूति वार्ड, सर्जिकल वार्ड में पूर्ण हो चुका है।
- सम्प टैंक का कार्य प्रगति पर है।
- कोविड–19 उपचार एवं निदान हेतु चिकित्सालय में 40 ऑक्सीजन बेड तैयार हैं।

रसूल अहमद सिद्दीकी पल्मोनरी मेडिसिन सेन्टर

यह अस्पताल मुख्य रूप से फेफड़े से संबंधित बीमारियों की पृथक से चिकित्सा प्रदान करने हेतु है।

इस चिकित्सालय में मरीजों को भर्ती करने एवं ओ.पी.डी. में उपचार प्रदाय करने की सुविधा उपलब्ध है। चिकित्सालय के ई.एन.टी. वर्क स्टेशन जिसमें नाक, कान एवं गले के रोगियों की जांचे की जाती है, कार्यरत है।

चिकित्सालय में ह्रदय रोगियों के परीक्षण हेतु ई.सी.जी., इकोकार्डियोग्राफी मशीन एवं टी.एम.टी. मशीन उपलब्ध हैं जिससे आवश्यकतानुसार मरीजों को परीक्षण कर उपचार प्रदान किया जाता है।

चिकित्सालय में फिजियोथेरेपी, एक्स–रे, यू.एस.जी. एवं पैथोलॉजी आदि की सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं।

चिकित्सालय में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे : मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, पुनरीक्षित क्षय नियंत्रण इत्यादि का संचालन भी चिकित्सालय से किया जा रहा है।

खान शाकिर अली खान चिकित्सालय

यह 90 शैय्यायुक्त चिकित्सालय है जिसमें 24 घंटे आकस्मिक चिकित्सा सुविधा रोगियों हेतु उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त यहां एक्स–रे, पैथालॉजी, अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा भी उपलब्ध है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त ऑपरेशन थियेटर एवं शल्य क्रिया तथा नेत्र रोग की चिकित्सा सुविधा भी यहां उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त इस अस्पताल में राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे : पल्स पोलियो, स्कूल हेल्थ, मलेरिया उन्मूलन, टी.बी. उन्मूलन के इलाज हेतु डॉट कार्यक्रम एवं कुष्ठ रोग उन्मूलन आदि भी नियमित रूप से संचालित किये जाते हैं।

यह चिकित्सालय शहर की घनी बस्ती में संचालित है, यहाँ बेड आक्यूपेंसी शत–प्रतिशत रहती है।

मास्टरलाल सिंह चिकित्सालय



यह चिकित्सालय गैस प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु शाहजहाँनाबाद स्थित पुरानी जिला अदालत के पीछे स्थित है। इस चिकित्सालय में 24 घंटे आकस्मिक चिकित्सा सुविधा रोगियों हेतु उपलब्ध है।

प्रदत्त सेवाऐं:-

1. चिकित्सालय में परिवार कल्याण नियोजन संबंधी शल्य क्रिया की जाती है।
2. नेत्र रोग चिकित्सा उपलब्ध है एवं मरीजों को इस का लाभ मिल रहा है।
3. राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स-पोलियो, स्कूल हैल्थ, मलेरिया उन्मूलन, टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम संचालित है।

नवीन कार्य:-

संस्था के ओ.पी.डी. विभाग में एक परिवार नियोजन कक्ष का निर्माण किया जा चुका है। जिसमें प्रतिदिन महिला रोगियों का नियमित उपचार किया जा रहा है एवं परिवार नियोजन संबंधी सभी सुविधायें निरंतर उपलब्ध कराई जा रही है।

डे–केयर सेंटर

गैस राहत विभाग की समस्त डिस्पेंसरी तथा पॉली क्लीनिक को डे–केयर सेंटर में परिवर्तित कर शैय्या की व्यवस्था की गई तथा समस्त केन्द्रों का कार्य समय प्रातः 9.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे कर दिया गया। वर्तमान में मॉ कर्मादेवी डे–केयर सेंटर करोंद में 02 पारी प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक एवं दूसरी पारी दोपहर 02:00 बजे से रात्री 08:00 बजे तक में संचालित है, इस संस्था में सभी विशेषज्ञ सुविधायें रोटेशन आधार पर उपलब्ध है, साथ ही एक्स–रे एवं पेथोलाजी की सुविधा उपलब्ध है। रोजमर्रा की सामान्य बीमारियों को जिसमें मरीजों को भर्ती करने की आवश्यकता नहीं होती है, उन्हें दिन भर ऑब्जर्वेशन में रखकर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। कुछ डे–केयर सेंटर में एक्स–रे, रक्त आदि की सामान्य जाँच की सुविधा उपलब्ध है।

सामाजिक पुनर्वास

पेयजल

गैस प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल के लिये राशि रूपये 50.00 (रूपये पचास करोड़) गैस राहत विभाग द्वारा नगर निगम, भोपाल को उपलब्ध कराये गये है, इसके अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य किये गये हैं :–

टंकियों के कार्य :– निम्नलिखित 10 टंकियों के कार्य किये गये हैं:–

क्र	टंकी का नाम	क्षमता	वर्तमान स्थिति
1	शबरी नगर	1500 किलो लीटर	निर्माण कार्य पूर्ण, जलप्रदाय प्रारम्भ।
2	दामखेड़ा	1150 किलो लीटर	निर्माण कार्य पूर्ण, जलप्रदाय प्रारम्भ।
3	पिंजोमल धर्मशाला	1600 किलो लीटर	निर्माण कार्य पूर्ण, जलप्रदाय प्रारम्भ।
4	नयापुरा ग्वालबाबा के चबूतरे के पास	1000 किलो लीटर	निर्माण कार्य पूर्ण, जलप्रदाय प्रारम्भ।
5	मुफ्तीसाहब कब्रिस्तान	2000 किलो लीटर	निर्माण कार्य किया गया है। टंकी को भरने हेतु फीडर लाइन एवं जल वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण।
6	शान्ति नगर	2400 किलो लीटर	निर्माण कार्य पूर्ण, जलप्रदाय प्रारम्भ।
7	ग्रीनपार्क	1550 किलो लीटर	निर्माण कार्य पूर्ण, जलप्रदाय प्रारम्भ।
8	अयोध्या नगर	2000 किलो लीटर	निर्माण कार्य पूर्ण, जलप्रदाय प्रारम्भ।
9	टीलाजमालपुरा	500 किलो लीटर	निर्माण कार्य पूर्ण, जलप्रदाय प्रारम्भ।
10	चौकसे नगर	2225 किलो लीटर	निर्माण कार्य पूर्ण, जलप्रदाय प्रारम्भ।

1. टंकियों को भरने हेतु फीडरमेन का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हो गया है।
2. गैस प्रभावित क्षेत्रों में कुल 339.23 किमी पाइप लाइन बिछाया जाना था। यह कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
3. जीवन ज्योति कालोनी में 10.80 किमी पाइप लाइन बिछायी गई है एवं यह कार्य पूर्ण हो चुका है।
4. गैस प्रभावित 22 बस्तियों में कुल 10124 निःशुल्क नल कनेक्शन किये गये हैं। इसके अतिरिक्त गैस प्रभावित वार्ड क्रमांक 11 से 16 एवं 66 से 70 में कुल 20578 घरेलू कनेक्शन किये गये हैं। इस प्रकार 30702 घरेलू कनेक्शन किये गये हैं।
5. गैस प्रभावित क्षेत्रों में जलप्रदाय हेतु कुल 16 नग टेंकरों का क्रय किया गया है।

गैस पीड़ित विधवा पेंशन योजना–

मार्च 2011 में रशि रूपये 30 करोड़ गैस पीड़ित विधावा पेशन योजना अंतर्गत 5000 गैस पीडित विधवा महिलाओं को 5 वर्ष तक 1000/– रूपये प्रतिमाह भुगतान करने हेतु प्राप्त हुए थे, उक्त राशि बैंको में एफ.डी. के रूप में जमा की गई है। बैंको की मॉग अनुसार समय–समय पर एफडी तोड कर भुगतान हेतु बैंको को राशि उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसी गैस पीड़ित विधवा महिलाएं जिनकी समय अवधि 7 वर्ष पूर्ण हो जाने के कारण भुगतान रोक दिया गया था उनको शासन आदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 में राशि रूपये 1000/– प्रतिमाह के मान से 4500 विधवा महिलाओं को माह अप्रैल 2021 से भुगतान किये जाने हेतु राशि

रूपये 5.40 करोड़ रूपये का आवंटन प्राप्त हुआ है। दिनांक 09.09.2021 को माननीय मंत्री जी, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास एवं चिकित्सा शिक्षा, विभाग के मुख्य आतिथ्य में समारोह आयोजित किया जाकर माह अप्रैल–2021 से अगस्त–2021 तक 05 माह की राशि रूपये 5000/– उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गयी है।



आवास एवं अन्य सुविधाऐं

आवास आवंटन – जीवन ज्योति कॉलोनी

जीवन ज्योति कॉलोनी, करोंद कला में निर्मित 2486 आवास गृहों में से गैस त्रासदी में मृत व्यक्तियों के वारिसों को 2435 आवास आवंटित हैं। शेष 51 आवासों की विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है:–

कुल निर्मित आवास	आवंटित आवासों की संख्या	51, शेष आवासों की जानकारी		
		दस्तावेज के आभाव में लंबित	पट्टा देने के बाद रजिस्ट्री प्राप्त नहीं	रिक्त आवास
2486	2435	21	12	18

18 रिक्त आवासों में अनाधिकृत रूप से विगत कई वर्षों से रह रहे व्यक्तियों को प्रशासनिक व अन्य अधिकारियों के सहयोग से समग्र 17 आवासों को पूर्ण रूप से रिक्त कराकर आवासों का अधिपत्य गृह निर्माण मंडल को सौंपा गया है।

वर्कशेड–गैस प्रभावित क्षेत्रों में संचालित कुल 41 वर्कशेड एवं 10 पहचान केन्द्र शासकीय–अशासकीय संस्थाओं को शासन द्वारा आवंटित है, अशासकीय संस्थाओं को आवंटित वर्कशेड एवं पहचान केन्द्रों में गैस पीड़ित प्रभावितों के रोजगारोन्मुख उनके प्रशिक्षणार्थ आवंटित किये गये हैं। जिनमें जरी, दरगोजी, कढ़ाई–बुनाई, जूट बांस से निर्मित सामग्री का प्रशिक्षण तथा प्रिंटिंग व कम्प्यूटर आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है।

सामुदायिक भवन – म.प्र. शासन भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के आदेश क्रमांक 5–6/86/47–1 दिनांक 04.09.2003 द्वारा केफ सामुदायिक भवन, काजीकेम्प व रसूल अहमद सिद्दिकी सामुदायिक भवन, लालघाटी भोपाल में संचालित है। उक्त सामुदायिक भवन गरीब गैस पीड़ितों को सामाजिक कार्यक्रम इत्यादि आयोजन हेतु रुपये 500/– प्रतिदिन की दर से उपलब्ध कराये जाते हैं, तथा आवेदन से भवन की साफ–सफाई के लिये रुपये 100/– की राशि पृथक से ली जाती है।

स्फूर्ति योजना–व्यायाम शाला निर्माण

गैस प्रभावित क्षेत्रों में 7 योगा–सह–व्यायाम केन्द्रों का निर्माण किया गया है। इसकी कुल लागत रूपये 3.68 करोड़ है।

निम्न स्थानों पर व्यायाम शालाओं का निर्माण किया गया है :–

1. वाजपेयी नगर
2. चौकसे नगर
3. सेन्ट्रल लायब्रेरी के समीप
4. जीवन ज्योति कालोनी
5. राजेन्द्र नगर
6. शबरी नगर
7. शंहशाह गार्डन

